**2024**

**HINDI**

**B.A. First Semester End Examination - 2024**

**PAPER - HINMI101T**

*Full Marks : 60* *Time : 3 hours*

*The figures in the right-hand margin indicate marks.*
*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
*Illustrate the answers wherever necessary.*

1. **किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2×10=20**

(क) हिंदी साहित्य के प्रारंभिक काल को आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने एवं पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी ने क्या कहा है?

(ख) 'उत्तर अपभ्रंश' को पुरानी हिंदी सर्वप्रथम किसने कहा? हिंदी के आरंभिक रूप को 'अवहट्ठ' किसने कहा?

(ग) भक्तिकाल को हिंदी काव्य का 'स्वर्णयुग' सर्वप्रथम किसने कहा? साहित्य को 'जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब' किसने कहा?

*(Turn Over)*

(घ) राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल का प्रथम कवि किन्हें माना है? उनकी एक कृति का नाम बताइए।

(ङ) 'चर्यागीत' और 'रास' किस साहित्य की लोकप्रिय काव्यशैली थी?

(च) सामान्यत: भक्तिकाल का समय कब-से-कब तक माना जाता है?

(छ) भक्ति आंदोलन को ईसाइत की देन किसने माना? भक्ति आंदोलन को दक्षिण से आया हुआ किसने कहा?

(ज) कबीर के गुरु का नाम क्या था? कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा?

(झ) 'पद्मावत्' किनकी रचना है। उसकी भाषा क्या है?

(ञ) तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था? उनके गुरु का नाम क्या था?

(ट) रीतिकाल को 'शृंगारकाल' एवं 'अलंकृत काल' किन विद्वानों ने कहा?

(ठ) आचार्य शुक्ल ने रीतिकाव्य का प्रवर्तक किसे माना है? डा॰ नगेन्द्र ने रीतिकाव्य का प्रवर्तक किसे माना है?

(ड) बिहारीलाल किनके दरवार में थे? उनके इष्टदेव कौन थे?





(ढ) घनानंद किसके दरबार में किस पद पर कार्य करते थे?

(ण) 'हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास' एवं 'हिंदी साहित्य की भूमिका' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

**2. किन्हीं चार विषयों पर टिप्पणी लिखिए : 5×4=20**

(क) नाथ साहित्य

(ख) पृथ्वीराज रासो

(ग) अष्टछाप

(घ) कबीर की भाषा

(ङ) तुलसी के राम

(च) सूफी काव्य

(छ) रीतिमुक्त काव्य

(ज) बिहारी

**3. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) आदिकालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) संतकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) तुलसीदास की समन्वय भावना पर विचार कीजिए।

(घ) रीतिकालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।